# MASTER SET

Number of Pages : 32
पृष्ठों की संख्या : 32

Question Booklet No.
प्रश्न–पुस्तिका संख्या

No. of Questions : 200
प्रश्नों की संख्या : 200

Marks / अंक : 600

Time / समय : 03 Hours / घण्टे

Candidate's Roll No.
अभ्यर्थी का रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ____________________

Invigilator's Signature
वीक्षक के हस्ताक्षर 1. ____________________ 2. ____________________

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The Question Paper consists of **four** sections : **Section-A** Mental Ability of **50** questions **(Q.No. 1 to 50)**, **Section-B** Teaching Aptitude of **50** questions **(Q.No. 51 to 100)**, **Section-C** General Awareness of **50** questions **(Q.No. 101 to 150)** and **Section-D** English **OR** Hindi of **50** questions **(Q.No. 151 to 200)**.
2. Write your entries like Question Booklet No. and Subject selected for Section-D etc. very carefully and fill the relevant circles on the OMR Answer Sheet.
3. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use **Blue/Black Ball Point Pen** only.
4. Answer **all** questions. There will be no negative marking.
5. **3** marks are allotted for correct answer of each question of section **A, C, D** and **3, 2, 1** and **0** marks are allotted respectively on preference for correct answer of section **'B'** Teaching Aptitude.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **A, B, C, D.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue/Black Ball Point Pen.** Darkening more than one circle would be treated as wrong answer.
7. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
8. In case of missing pages, missing questions or any kind of printing discrepancy/defect in Question Booklet, candidates may put their objections to invigilator within 5 minutes and obtain another Question Booklet.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में **चार** भाग हैं : **भाग-अ** मानसिक योग्यता के **50** प्रश्न (प्र.सं. **1** से **50**), **भाग-ब** शिक्षण अभिवृत्ति के **50** प्रश्न (प्र.सं. **51** से **100**), **भाग-स** सामान्य जागरूकता के **50** प्रश्न (प्र.सं. **101** से **150**) और **भाग-द** अंग्रेजी **अथवा** हिंदी के **50** प्रश्न (प्र.सं. **151** से **200**) ।
2. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपनी प्रश्न–पुस्तिका सं. तथा भाग–द हेतु चयनित विषय आदि प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक लिखें और संबंधित गोलों को भरें ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में संबंधित जानकारी व गोले को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का उपयोग करें ।
4. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ऋणात्मक अंकन नहीं होगा ।
5. भाग **अ, स, द** के प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए **3** अंक एवं भाग **'ब'** शिक्षण अभिवृत्ति के सही उत्तर हेतु क्रमशः वरीयता क्रम से **3, 2, 1** एवं **0** अंक देय है ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **A, B, C, D** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है । एक से अधिक विकल्प पर गोला करने पर गलत माना जाएगा ।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
8. प्रश्न–पुस्तिका में पृष्ठ कम, प्रश्न संख्या कम या अन्य किसी भी मुद्रण दोष होने पर अभ्यर्थी 5 मिनट में वीक्षक के समक्ष आपत्ति रखकर दूसरी प्रश्न–पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so. / इस प्रश्न–पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

NKP

## Section-A / भाग–अ
## Mental Ability / मानसिक योग्यता

**1.** A square transparent sheet with a pattern is given. Figure out from amongst the four alternatives as to how the pattern would appear when the transparent sheet is folded at the middle line shown.
पैटर्न वाली एक चौकोर पारदर्शी शीट दी गई है । चार विकल्पों में से यह पता लगाएँ कि दिखाई गई मध्य रेखा पर पारदर्शी शीट को मोड़ने पर पैटर्न कैसा दिखाई देगा ।

**Question Figure / प्रश्न आकृति :**



**Answer Figures / उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

**2.** In a class of 60, where girls are twice than that of boys, Mihir ranked seventeenth from the top. If there are 9 girls ahead of Mihir, how many boys are after him in rank ?
60 की एक कक्षा में, जहाँ लड़कियाँ लड़कों की तुलना में दोगुनी हैं, मिहिर ऊपर से सत्रहवें स्थान पर है । यदि मिहिर से आगे 9 लड़कियाँ हैं, तो कितने लड़के रैंक (क्रम) में उसके बाद हैं ?
(A) 3 (B) 7
(C) 12 (D) 23

**3.** What was the day on 20th December, 1985 ?
(A) Monday (B) Tuesday
(C) Thursday (D) Friday
20 दिसंबर, 1985 को कौन सा दिन था ?
(A) सोमवार (B) मंगलवार
(C) गुरुवार (D) शुक्रवार

**4.** Find out which of the figures (1), (2), (3) and (4) can be formed from the pieces given in figure (X).
ज्ञात कीजिए आकृति (X) में दिए गए टुकड़ों से (1), (2), (3) और (4) आकृतियों में से कौन सी बनाई जा सकती है ।



(X) (1) (2) (3) (4)
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**5.** A clock gains 15 minutes per day. It is set right at 12 noon. What time will it show at 4:00 a.m., the next day ?
एक घड़ी प्रतिदिन 15 मिनट आगे बढ़ती है । यह दोपहर 12 बजे ठीक की जाती है । अगले दिन प्रातः 4:00 बजे वह क्या समय दर्शाएगी ?
(A) 4:10 a.m. (B) 4:45 a.m.
(C) 4:20 a.m. (D) 5:00 a.m.

**6.** Select the missing number from the given alternatives :
दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या को चुनिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | 24 | 13 | ? |
| 8 | 12 | 10 | 10 |
| 16 | 9 | ? | 13 |

(A) 11, 13 (B) 12, 20
(C) 22, 12 (D) 9, 13

**7.** Choose the figure which is different from the rest.
वह आकृति चुनें जो बाकी आकृतियों से अलग है ।



(1) (2) (3) (4) (5)
(A) (1) (B) (3)
(C) (4) (D) (5)

**8.** From the given answer figures, select the one in which the question figure is hidden/embedded in the same direction.
दी गई उत्तर आकृतियों में से उस एक का चयन करें जिसमें प्रश्न आकृति उसी दिशा में छिपी/अंतर्निहित है ।

**Question Figure :**
**प्रश्न आकृति :**



**Answer Figures :**
**उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

9. How many triangles are there in the figure ?
आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(A) 12 (B) 16
(C) 14 (D) 18

10. A person moves in north direction by 7 km, then turns left and moves by 4 km, again turns left and moves by 9 km, again turns left and moves by 4 km. How far the person is from initial position ?
(A) 2 km (B) 11 km
(C) 13 km (D) 16 km
एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 7 किमी चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 4 किमी चलता है, फिर से बाएँ मुड़ता है और 9 किमी चलता है, फिर से बाएँ मुड़ता है और 4 किमी चलता है । व्यक्ति प्रारंभिक स्थिति से कितनी दूर है ?
(A) 2 किमी (B) 11 किमी
(C) 13 किमी (D) 16 किमी

11. In the following question, select the related word from the given alternatives :
fertilizer : crops : : ?
(A) teacher : education
(B) tonic : body
(C) chlorine : water
(D) pesticide : rats
निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए :
उर्वरक : फसलें :: ?
(A) शिक्षक : शिक्षा
(B) शक्तिवर्धक औषध : शरीर
(C) क्लोरीन : पानी
(D) कीटनाशक : चूहे

12. How many numbers from 11 to 50 are there which are exactly divisible by 1 but not by 3 ?
11 से 50 तक ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जो 1 से पूर्णतः विभाज्य हैं लेकिन 3 से नहीं ?
(A) 21 (B) 25
(C) 15 (D) 27

13. Here some words translated from an artificial language are given.
slar means jump
slary means jumping
slarend means jumped
Which word could mean "playing" ?
यहाँ कृत्रिम भाषा से अनुवादित कुछ शब्द दिए गए हैं ।
slar अर्थात jump
slary अर्थात jumping
slarend अर्थात jumped
किस शब्द का अर्थ "playing" हो सकता है ?
(A) clargslarend (B) ellaclarg
(C) clargy (D) slarmont

14. **Assertion (A)** : A mixture of salt and ice gives temperature below 0 °C.
**Reason (R)** : The salt raises the freezing point of ice.
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.
**अभिकथन (A)** : नमक और बर्फ का मिश्रण 0 °C से नीचे का तापमान देता है ।
**कारण (R)** : नमक बर्फ के हिमांक को बढ़ा देता है ।
(A) दोनों (A) और (R) सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(B) दोनों (A) और (R) सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

15. Arrange the words in a meaningful sequence.
1. Police 2. Punishment
3. Crime 4. Judge
5. Judgement
शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें ।
1. पुलिस 2. सज़ा
3. अपराध 4. न्यायाधीश
5. निर्णय
(A) 1, 2, 3, 4, 5 (B) 3, 1, 2, 4, 5
(C) 3, 1, 4, 5, 2 (D) 5, 4, 3, 2, 1

16. **Statements :** Some books are pencils.
Some pencils are pens.
**Conclusions** : I. Some books are pens.
II. All pens are pencils.
(A) If only conclusion I follows.
(B) If only conclusion II follows.
(C) If neither I nor II follows.
(D) If both I and II follows.
**कथन** : कुछ किताबें पेंसिल हैं ।
कुछ पेंसिल पेन हैं ।
**निष्कर्ष** : I. कुछ किताबें पेन हैं ।
II. सभी पेन पेंसिल हैं ।
(A) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।
(B) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।
(C) यदि न तो I और न ही II अनुसरण करता है ।
(D) यदि I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

**Directions (Q. No. 17-19)** : Read the following information carefully and answer the questions given below it :
G is the mother of F, who is the spouse of D. M is the daughter of D, who is the only brother of C. E is the son of G, who is married to H. A is the niece of C, who has no sister and is unmarried. T is the father of D and has no daughter. V is the sister-in-law of F. G has only two children. M is the granddaughter of O.
**निर्देश (प्र.सं. 17-19) :** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
G, F की माँ है, जो D की पत्नी है । M, D की पुत्री है, जो C का इकलौता भाई है । E, G का पुत्र है, जिसका विवाह H से हुआ है । A, C की भतीजी है, जिसकी कोई बहन नहीं है और अविवाहित है । T, D का पिता है और उसकी कोई पुत्री नहीं है । V, F की भाभी है । G के केवल दो बच्चे हैं । M, O की पोती है ।

17. How is V related to M ?
(A) Paternal aunt (B) Maternal aunt
(C) Sister (D) None of these
V, M से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) चाची (B) मामी
(C) बहन (D) इनमें से कोई नहीं

18. How many female members are there in the family ?
परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं ?
(A) 7 (B) 4
(C) 5 (D) 6

19. Who among the following is the sibling of F ?
निम्नलिखित में से कौन F का भाई/बहन है ?
(A) G (B) H
(C) V (D) E

**Directions (Q. No. 20-22)** : Eight people of which A, B, C, and D are women and P, Q, R, and S are men sit around a circular table facing towards the centre. None of the women sit as immediate neighbour. A is not facing B. Q, who is immediate neighbour of C, faces P. R is immediate neighbour of D but not of C. D does not sit second to the right of C. At least one person sits between A and R.
**निर्देश (प्र.सं. 20-22) :** आठ व्यक्ति जिनमें से A, B, C, और D महिलाएँ हैं और P, Q, R, और S पुरुष हैं, एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं । कोई भी महिला निकटतम पड़ोसी के रूप में नहीं बैठती है । A का मुख B की ओर नहीं है । Q, जो C का निकटतम पड़ोसी है, उसका मुख P की ओर है । R, D का निकटतम पड़ोसी है, लेकिन C का नहीं । D, C के दायें से दूसरे स्थान पर नहीं बैठा है । A और R के बीच कम से कम एक व्यक्ति बैठा है ।

20. Who is sitting to the immediate right of S ?
S के ठीक दायें कौन बैठा है ?
(A) C (B) A
(C) P (D) Q

21. Who is sitting in front of B ?
B के सामने कौन बैठा है ?
(A) D (B) C
(C) S (D) Q

22. How many people are sitting between R and C if counted from right of R ?
R के दायें से गिने जाने पर R और C के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं ?
(A) 1 (B) 4
(C) 3 (D) 2

**23.** Find the missing figure in the series from the given answer figures.
दी गई उत्तर आकृतियों में से शृंखला में लुप्त आकृति ज्ञात कीजिए ।

**Question Figures :**
**प्रश्न आकृतियाँ :**



**Answer Figures :**
**उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

**24.** Which number would replace the question mark in the given series ?
दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी ?

2, 7, 14, 23, ? , 47

(A) 28 (B) 31
(C) 38 (D) 34

**25.** If in a certain code language SECURE is coded as ERUCES, then how is SALINE coded in that same code language ?
यदि किसी निश्चित कूट भाषा में SECURE को ERUCES के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में SALINE को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) SALIQE (B) ENILAS
(C) EALINS (D) ERUCES

**26.** If GIVE is coded as 5137 and BAT is coded as 924, how is GATE coded ?
यदि GIVE को 5137 के रूप में कूटबद्ध किया गया है और BAT को 924 के रूप में कूटबद्ध किया गया है, तो GATE को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) 2547 (B) 5724
(C) 5247 (D) 2457

**27.** Select a suitable figure from the Answer Figures that would replace the question mark (?) :
उत्तर आकृतियों में से उस उपयुक्त आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा :

**Question Figures :**
**प्रश्न आकृतियाँ :**



(a) (b) (c) (d)

**Answer Figures :**
**उत्तर आकृतियाँ :**



(1) (2) (3) (4) (5)

(A) (1) (B) (2)
(C) (3) (D) (4)

**28.** Which of the following diagrams correctly represents the relationship among Smokers, Bidi Smokers and Cancer Patients ?
निम्नलिखित में से कौन सा आरेख धूम्रपान करने वालों, बीड़ी पीने वालों और कैंसर रोगियों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

29. **Directions** : In this question three statements followed by two conclusions numbered I and II have been given. You have to take the given statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts and then decide which of the given conclusions logically follows the given statements. Give answer.

**Statements :**

i. 0% frocks are pants.

ii. All shorts are frocks.

iii. A few jackets are pants.

**Conclusions :**

I. Not a single pant is shorts.

II. A good number of jackets are not frocks.

(A) If only conclusion I follows.

(B) If only conclusion II follows.

(C) If neither conclusion I nor II follows.

(D) If both conclusion I and II follows.

**निर्देश** : इस प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है । उत्तर दीजिये ।

**कथन :**

i. 0% फ्रॉक पैंट हैं ।

ii. सभी शॉर्ट्स फ्रॉक हैं ।

iii. कुछ जैकेट पैंट हैं ।

**निष्कर्ष :**

I. एक भी पैंट शॉर्ट्स नहीं है ।

II. जैकेटों की एक अच्छी संख्या फ्रॉक नहीं हैं ।

(A) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ।

(B) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है ।

(C) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है ।

(D) यदि निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

30. Find the missing term in the following :

निम्नलिखित में लुप्त पद ज्ञात कीजिए :




(A) M

(B) Z

(C) Q

(D) S

31. **Directions** : Study the following question carefully and choose the right answer :

**Statement** : Be humble even after being victorious.

**Assumptions** :

I. Many people are humble after being victorious.

II. Generally, people are not humble.

(A) If only assumption I is implicit.

(B) If only assumption II is implicit.

(C) If either I or II is implicit.

(D) If neither I nor II is implicit.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और सही उत्तर का चयन करें :

**कथन** : विजयी होने के बाद भी विनम्र बने रहें।

**धारणाएँ** : I. बहुत से लोग विजयी होने के बाद विनम्र होते हैं ।

II. आमतौर पर लोग विनम्र नहीं होते हैं ।

(A) यदि केवल धारणा I अंतर्निहित है ।

(B) यदि केवल धारणा II अंतर्निहित है ।

(C) यदि या तो I या II अंतर्निहित है ।

(D) यदि न तो I और न ही II अंतर्निहित है ।

**Directions (Q. No. 32-34)** : Study the following information carefully and answer the questions given below :

Seven persons namely P, Q, R, S, T, U and V like seven different fruits namely Apple, Mango, Banana, Orange, Kiwi, Guava and Strawberry. Each of them works in either of the three companies TCS, Wipro and ITC with at least two of them in a company. R works in Wipro with the one who likes Banana. U does not work with R. P works in ITC with only the one who likes Kiwi. U does not like Apple. T works in TCS with the one who likes Apple. T does not like Strawberry. The one who likes Strawberry works with the one who likes Mango but not with R. S works with the one who likes Guava. S does not like Banana. Q does not like Apple.

**निर्देश (प्र.सं. 32-34)** : निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :

सात व्यक्ति अर्थात् P, Q, R, S, T, U और V सात अलग-अलग फल अर्थात् सेब, आम, केला, संतरा, कीवी, अमरूद और स्ट्रॉबेरी पसंद करते हैं । उनमें से प्रत्येक तीन कंपनियों TCS, Wipro और ITC में से किसी एक में काम करता है, जिनमें से कम से कम दो एक कंपनी में हैं । R, केले को पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ Wipro में कार्य करता है । U, R के साथ कार्य नहीं करता है । P, ITC में केवल उस व्यक्ति के साथ कार्य करता है जिसे कीवी पसंद है । U को सेब पसंद नहीं है । T, सेब पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ TCS में कार्य करता है । T को स्ट्रॉबेरी पसंद नहीं है । वह व्यक्ति जिसे स्ट्रॉबेरी पसंद है वह आम पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ कार्य करता है लेकिन R के साथ नहीं । S, अमरूद पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ कार्य करता है । S को केला पसंद नहीं है । Q को सेब पसंद नहीं है ।

**32.** Which of the following combinations represents the persons working in Wipro ?
निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन Wipro में काम करने वाले व्यक्तियों को दर्शाता है ?
(A) S, R (B) Q, V, R
(C) U,T,R (D) R, Q

**33.** Which combination represents the company in which V works and the fruits he likes ?
(A) TCS - Apple (B) TCS - Banana
(C) Wipro - Guava (D) ITC – Mango
कौन सा संयोजन उस कंपनी का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें V काम करता है और उसे जो फल पसंद हैं ?
(A) TCS - सेब (B) TCS - केला
(C) Wipro - अमरूद (D) ITC - आम

**34.** Which of the following statements is true ?
(A) R works in the company in which P works.
(B) U works with the one who likes Mango.
(C) None of the given statements is true.
(D) S works in Wipro.
निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?
(A) R उस कंपनी में काम करता है जिसमें P काम करता है ।
(B) U आम पसंद करने वाले व्यक्ति के साथ काम करता है ।
(C) दिए गए कथनों में से कोई भी सत्य नहीं है ।
(D) S, Wipro में काम करता है ।

**Directions (Q. No. 35-37)** : Study the following diagram and try to answer the questions accordingly :

**निर्देश (प्र.सं. 35-37)** : निम्नलिखित आरेख का अध्ययन करें और तदनुसार प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें :




**35.** Which letter among the following represents intelligent but not brave or handsome ?
निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर बुद्धिमान, लेकिन बहादुर या सुन्दर नहीं को दर्शाता है ?
(A) T (B) Q
(C) V (D) U

**36.** P represents :
(A) Intelligent only
(B) Intelligent and handsome
(C) Brave and intelligent
(D) None of these
P दर्शाता है :
(A) केवल बुद्धिमान (B) बुद्धिमान और सुंदर
(C) बहादुर और बुद्धिमान (D) इनमें से कोई नहीं

**37.** Who among the following is brave but neither intelligent nor handsome ?
निम्नलिखित में से कौन बहादुर है, लेकिन न तो बुद्धिमान है और न ही सुंदर ?
(A) Q (B) R
(C) S (D) V

**38.** Select the related letter from the given alternatives.

दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर को चुनिए।

(A) ZXVT (B) YXWV

(C) XVTR (D) WVSQ

**39.** Which of the following diagrams indicates the best relation between Football, Player and Field ?

निम्न में से कौन सा आरेख फुटबॉल, खिलाड़ी और मैदान के बीच सबसे अच्छे संबंध को दर्शाता है ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

**40.** Arrange the following words as per order in dictionary :

निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिए :

1. Ambitions 2. Ambiguous
3. Ambiguity 4. Animation
5. Animal

(A) 3, 2, 4, 1, 5 (B) 3, 2, 5, 4, 1

(C) 3, 2, 1, 5, 4 (D) 3, 2, 4, 5, 1

**41.** Select a suitable figure from the four alternatives that would complete the figure matrix.

चार विकल्पों में से एक उपयुक्त आकृति का चयन करें जो मैट्रिक्स आकृति को पूरा करे।




(A)  (B) 

(C)  (D) 

**42.** If P denote '+', Q denotes '–', R denotes '÷' and S denotes '×', then 18S36R12Q6P1 = ?

यदि P का अर्थ '+' है, Q का अर्थ '–' है, R का अर्थ '÷' है और S का अर्थ '×' है, तो 18S36R12Q6P1 = ?

(A) 115 (B) 65

(C) 55 (D) 49

**43.** If North is called North-West, West is called South-West, South is called South-East and so on. A person walks straight from South-West to North-East and turns left. Walks straight and again turns left. Now at what direction is he facing ?

(A) South (B) North-East

(C) North (D) South-West

यदि उत्तर को उत्तर-पश्चिम कहा जाता है, पश्चिम को दक्षिण-पश्चिम कहा जाता है, दक्षिण को दक्षिण-पूर्व कहा जाता है और इसी तरह आगे। एक व्यक्ति दक्षिण-पश्चिम से सीधे उत्तर-पूर्व की ओर चलता है और बाएँ मुड़ता है। सीधे चलता है और फिर से बाएँ मुड़ता है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है ?

(A) दक्षिण (B) उत्तर-पूर्व

(C) उत्तर (D) दक्षिण-पश्चिम

**44.** From the following positions of dice, find which will come in place of '?' :

पासों की निम्नलिखित स्थितियों से ज्ञात कीजिए कि '?' के स्थान पर कौन सा आएगा :




(i) (ii) (iii)

(A) 4 (B) 5

(C) 2 (D) 3

**45.** Select the correct mirror image of the given figure, when the mirror is placed to the right side of the figure.
दी गई आकृति की सही दर्पण छवि का चयन करें, जब दर्पण को आकृति के दाईं ओर रखा जाता है ।

**Question Figure :**
**प्रश्न आकृति :**



**Answer Figures :**
**उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

**46.** Choose the missing term in the given series :
दी गई शृंखला में लुप्त पद को चुनिए :
KM5, IP8, GS11, EV14, ?
(A) BX17 (B) BY17
(C) CY17 (D) CZ17

**47.** Q is as much younger than R as he is older than T. If the sum of the ages of R and T is 50 years, what is definitely the difference between R and Q's age ?
(A) 1 year (B) 2 years
(C) 25 years (D) Data inadequate
Q, R से उम्र में उतना ही छोटा है जितना वह T से बड़ा है । यदि R और T की आयु का योग 50 वर्ष है, तो निश्चित रूप से R और Q की आयु के बीच कितना अंतर है ?
(A) 1 वर्ष (B) 2 वर्ष
(C) 25 वर्ष (D) अपर्याप्त डाटा

**48.** A team of project managers needs to decide on the best approach for a new project. Option A is cheaper but has a higher risk of failure, while Option B is more expensive but has a lower risk of failure. Which option should the team choose ?
(A) Option A (B) Option B
(C) Both options (D) None of these
परियोजना प्रबंधकों की एक टीम को एक नई परियोजना के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण पर निर्णय लेने की आवश्यकता है । विकल्प A सस्ता है लेकिन इसमें विफलता का जोखिम अधिक है, जबकि विकल्प B अधिक महँगा है लेकिन विफलता का जोखिम कम है । टीम को कौन सा विकल्प चुनना चाहिए ?
(A) विकल्प A (B) विकल्प B
(C) दोनों विकल्प (D) इनमें से कोई नहीं

**49.** Following question consists of a statement followed by arguments.
You have to decide, which of the arguments is/are a Strong argument and which is a Weak argument.
**Statement** : Should school education be made free in India ?
**Arguments** :
I. Yes, this is the only way to improve the level of literacy.
II. No, it will add to the already heavy burden on the treasury.
(A) If only I is strong.
(B) If only II is strong.
(C) If either I or II is strong.
(D) If neither I nor II is strong.
निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद तर्क दिए गए हैं । आपको यह तय करना है कि कौन सा तर्क एक मजबूत तर्क है और कौन सा एक कमजोर तर्क है ।
**कथन** : क्या भारत में स्कूली शिक्षा को मुफ्त कर देना चाहिए ?
**तर्क** :
I. हाँ, साक्षरता के स्तर में सुधार करने का यही एकमात्र तरीका है ।
II. नहीं, यह राजकोष पर पहले से ही भारी बोझ को और बढ़ा देगा ।
(A) यदि केवल I मजबूत है ।
(B) यदि केवल II मजबूत है ।
(C) यदि या तो I या II मजबूत है ।
(D) यदि न तो I और न ही II मजबूत है ।

**50.** Choose the correct water image of the given figure (X).
दी गई आकृति (X) की सही जल छवि चुनें ।

**Question Figure :**
**प्रश्न आकृति :**




(X)

**Answer Figures :**
**उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

## Section–B / भाग–ब
## Teaching Aptitude / शिक्षण अभिवृत्ति

**51.** Teacher may learn the skill and art of his profession by ______.
(A) Observing TV Programmes
(B) Listening to Radio
(C) Working on Computers
(D) All of these

शिक्षक अपने पेशे के कौशल और कला को __________ द्वारा सीख सकता है ।
(A) टीवी कार्यक्रमों का निरीक्षण
(B) रेडियो सुनना
(C) कंप्यूटर पर काम करना
(D) यह सभी

**52.** Micro teaching in B.Ed. for Communication skills is necessary-
(A) For self-evaluation
(B) For completing course
(C) For development of various skills
(D) For page feed

बी.एड. (B.Ed.) में सूक्ष्म शिक्षण संचार कौशल के लिए _______ जरूरी है ।
(A) आत्म–मूल्यांकन के लिए
(B) पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए
(C) विभिन्न कौशल के विकास के लिए
(D) पृष्ठ फीड के लिए

**53.** Information regarding National Education Policy and related activities shows –
(A) Awareness of a teacher towards literature
(B) Political consciousness of a teacher
(C) Vocational interest of a teacher
(D) Earning potential of a teacher

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी क्या दिखाती है ?
(A) साहित्य के प्रति एक शिक्षक की जागरूकता
(B) एक शिक्षक की राजनीतिक चेतना
(C) एक शिक्षक के व्यावसायिक हित
(D) एक शिक्षक की कमाई क्षमता

**54.** The more confidently you give instructions, higher the chance of a positive class response is due to ______.
(A) Use of Voice
(B) Use of Appropriate space
(C) Use of Body language
(D) Use of Skills

जितना अधिक आत्मविश्वास से आप निर्देश देते हैं, _________ के कारण कक्षा की सकारात्मक प्रतिक्रिया की संभावना उतनी ही अधिक होती है ।
(A) आवाज के उपयोग
(B) उचित स्थान के उपयोग
(C) शारीरिक भाषा के प्रयोग
(D) कौशल के उपयोग

**55.** Good Teachers need __________.
(A) Interpersonal Skills
(B) Intrapersonal Capacity
(C) Both Interpersonal Skills and Intrapersonal Capacity
(D) None of these

अच्छे शिक्षकों के लिए ________ आवश्यक है ।
(A) अंतर्वैयक्तिक कौशल
(B) पारस्परिक क्षमता
(C) अंतर्वैयक्तिक कौशल और पारस्परिक क्षमता दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

**56.** Excellent and effective communication is characterized by following elements. Arrange them in a proper sequence
1. Taking action
2. Noticing
3. Knowing
4. Flexibility to change

उत्कृष्ट और प्रभावी संचार निम्नलिखित तत्वों की विशेषता है । उन्हें उचित क्रम में व्यवस्थित करें ।
1. कार्रवाई करना
2. ध्यान देना
3. जानना
4. बदलने के लिए लचीलापन

(A) 1, 2, 3, 4 (B) 4, 3, 2, 1
(C) 2, 3, 4 ,1 (D) 3, 2, 4, 1



Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M

57. Success of any profession depends upon
(A) capability and proficiency
(B) interest
(C) need
(D) mental state
किसी भी व्यवसाय की सफलता निर्भर करती है
(A) क्षमता और प्रवीणता
(B) रूचि
(C) जरूरत
(D) मानसिक स्थिति

58. Some students are absent from your class but not from the classes of other teachers. What will be your inference ?
(A) Will be happy to think that students are scared of my hard temper.
(B) Will think students are mischievous and will leave them.
(C) Will try to find the reason of their attendance in class of other teachers.
(D) None of these
कुछ छात्र आपकी कक्षा से अनुपस्थित हैं लेकिन अन्य शिक्षकों की कक्षाओं से नहीं । आपका अनुमान क्या होगा ?
(A) यह सोचकर खुशी होगी कि छात्र मेरे कठोर स्वभाव से डरे हुए हैं ।
(B) सोचेंगे कि छात्र शरारती हैं और उन्हें छोड़ देंगे ।
(C) अन्य शिक्षकों की कक्षा में उपस्थिति का कारण जानने का प्रयास करेंगे ।
(D) इनमें से कोई नहीं

59. What is the use of home work ?
(A) The student could study at home.
(B) For development of student.
(C) To analyse understanding of student.
(D) To develop writing skill.
गृह कार्य का क्या उपयोग है ?
(A) छात्र घर पर अध्ययन कर सकता है।
(B) छात्र के विकास के लिए
(C) छात्र की समझ का विश्लेषण करने के लिए
(D) लेखन कौशल विकसित करने के लिए

60. ________ abilities determine the performance of a wide variety of tasks.
(A) Cognitive
(B) Affective
(C) Psychomotor
(D) Manipulative
________ क्षमताएँ विभिन्न प्रकार के कार्यों के प्रदर्शन को निर्धारित करती हैं ।
(A) संज्ञानात्मक
(B) भावात्मक
(C) मनोगत्यात्मक
(D) जोड़-तोड़

61. Showing care for students refers to use of teachers' _______.
(A) Appropriate Methods
(B) Behaviour
(C) Aptitude
(D) Attitude and style
छात्रों की देखभाल करना शिक्षकों के ________ के उपयोग को संदर्भित करता है ।
(A) उपयुक्त तरीके
(B) व्यवहार
(C) योग्यता
(D) मनोवृत्ति और शैली

62. Teacher as a leader convey convictions about a better world by
(A) Contributing to an image of teaching as a profession that makes a difference.
(B) Showing genuine interest in student's needs and well being.
(C) Standing up for children especially disadvantaged and marginalized sections of society.
(D) Acting on opportunities to emphasize accomplishments and high expectations.
एक नेता के रूप में शिक्षक ________ द्वारा एक बेहतर दुनिया के बारे में विश्वास व्यक्त करते हैं ।
(A) एक पेशे के रूप में शिक्षण की छवि में योगदान देना जो एक अंतर बनाता है ।
(B) छात्र की जरूरतों और भलाई में वास्तविक रुचि दिखाना ।
(C) बच्चों के लिए विशेष रूप से वंचित और समाज के वर्गों के लिए खड़ा होना ।
(D) उपलब्धियों और उच्च उम्मीदों पर जोर देने के अवसरों पर कार्य करना ।



| | | |
|---|---|---|
| Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M |

63. Parents of ______ are keenly interested in knowing what makes their children tick and how teachers can help them make good choices.

(A) Children
(B) Under 12 children
(C) Adolescent
(D) Youth

______ के माता-पिता यह जानने में गहरी दिलचस्पी रखते हैं कि उनके बच्चों को क्या अच्छा लगता है और शिक्षक अच्छे विकल्प बनाने में उनकी मदद कैसे कर सकते हैं।

(A) बच्चे
(B) 12 साल से कम उम्र के बच्चे
(C) किशोर/किशोरी
(D) युवा

64. Every teacher should mandatorily have the knowledge of child psychology because it –

(A) gives the teacher an introduction to student's behaviour.
(B) helps the teacher in understanding the feelings of mind and heart of the students.
(C) helps the teacher in comparing and identifying students.
(D) makes teaching work difficult.

प्रत्येक शिक्षक को अनिवार्य रूप से बाल मनोविज्ञान का ज्ञान होना चाहिए क्योंकि

(A) यह शिक्षक को छात्र के व्यवहार का परिचय देता है।
(B) छात्रों के दिमाग और दिल की भावनाओं को समझने में शिक्षक की मदद करता है।
(C) छात्रों की तुलना करने और पहचानने में शिक्षक की सहायता करता है।
(D) शिक्षण कार्य को कठिन बनाता है।

65. Which of the following learning materials is suitable for students with partial vision ?

(A) Three dimensional maps and charts.
(B) Small sized printed worksheets.
(C) Information given by speaking, tactile notice boards (Braille).
(D) Large sized printed book.

निम्न में से कौन सी शिक्षण सामग्री आंशिक दृष्टि वाले छात्रों के लिए उपयुक्त है ?

(A) तीन आयामी नक्शे और चार्ट
(B) छोटे आकार के मुद्रित वर्कशीट
(C) बोलते स्पर्शनीय सूचना बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी (ब्रेल)
(D) बड़े आकार की मुद्रित पुस्तक

66. ________ teachers know that they have areas, they need to work on, and they want to improve.

(A) High will, Low skill
(B) High skill, Low will
(C) Low will, Low skill
(D) High will, High skill

________ शिक्षक जानते हैं कि उनके पास ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर उन्हें काम करने की आवश्यकता है और वे सुधार करना चाहते हैं।

(A) उच्च इच्छा, कम कौशल
(B) उच्च कौशल, कम इच्छा
(C) कम इच्छा, कम कौशल
(D) उच्च इच्छा, उच्च कौशल

67. The four principles of effective instruction are as follows. Arrange them in a proper sequence

1. Expect to get them and support them along the way.
2. Start where your students are and know where they are going.
3. Use feedback to get them better.
4. Focus on quality, not quantity.

प्रभावी निर्देश के चार सिद्धांत इस प्रकार हैं। उन्हें उचित क्रम में व्यवस्थित करें।

1. उनसे मिलने की अपेक्षा करें और रास्ते में उनका समर्थन करें।
2. शुरू करें जहाँ आपके छात्र हैं और जानें कि वे कहाँ जा रहे हैं।
3. उन्हें बेहतर बनाने के लिए प्रतिक्रिया का उपयोग करें।
4 गुणवत्ता पर ध्यान दें, मात्रा पर नहीं।

(A) 1, 2, 4, 3 (B) 2, 1, 3, 4
(C) 3, 4, 2, 1 (D) 4, 3, 1, 2



Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M

**68.** Academic part of Education at School level is controlled by

(A) University Grants Commission (UGC)
(B) National Council for Educational Research and Training (NCERT)
(C) National Institute for Educational Planning and Administration (NIEPA)
(D) National Council for Teacher Education (NCTE)

विद्यालय स्तर पर शिक्षा का शैक्षणिक भाग किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है ?

(A) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)
(B) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)
(C) शैक्षिक योजना और प्रशासन के लिए राष्ट्रीय संस्थान (एनआईईपीए)
(D) शिक्षक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद (एनसीटीई)

**69.** A teacher can enjoy teaching as a profession when he/she

(A) gets respect from the students.
(B) ensures strict discipline in the class.
(C) has better qualification than his/her colleagues.
(D) is close to principal or vice chancellor.

एक शिक्षक पेशे के रूप में शिक्षण का आनंद तब ले सकता है जब वह

(A) छात्रों से सम्मान पाता है ।
(B) कक्षा में सख्त अनुशासन सुनिश्चित करता है ।
(C) उसके सहयोगियों की तुलना में बेहतर योग्यता है ।
(D) प्रिंसिपल या वाइस चांसलर के करीब है ।

**70.** ________ styles of discipline provides guidance.

(A) Authoritative (B) Authoritarian
(C) Indulgent (D) Disengaged

__________ अनुशासन की शैलियाँ मार्गदर्शन प्रदान करती हैं ।

(A) आधिकारिक (B) सत्तावादी
(C) कृपालु (D) विस्थापित

**71.** 'I will now explain to you how to play' is ________.

(A) teacher talks about own teaching
(B) teacher's response to action of the learners
(C) teacher actively shows learner what to do
(D) teacher explains a rule

'अब मैं आपको समझाऊँगा कि कैसे खेलना है' ___________ है ।

(A) शिक्षक अपने शिक्षण के बारे में बात करता है
(B) शिक्षार्थियों की क्रिया के लिए शिक्षक की प्रतिक्रिया
(C) शिक्षक सक्रिय रूप से शिक्षार्थी को दिखाता है कि क्या करना
(D) शिक्षक एक नियम समझाता

**72.** Looking down and not making an eye contact with the students is regarded as showing ________.

(A) Disinterest
(B) Fear or anger
(C) Nervousness
(D) Anxiety or tension

नीचे देखना और छात्रों से आँख न मिलाना, __________ दिखाना माना जाता है ।

(A) अरुचि (B) भय या क्रोध
(C) घबराहट (D) चिंता या तनाव

**73.** Co-curricular activities are organized in schools so that in students –

(A) Feeling of jealousy increases
(B) Collaborative working attitude is developed
(C) Inspiration for getting awards is developed
(D) Respect towards the school increases

विद्यालयों में पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों में

(A) ईर्ष्या की भावना बढ़ जाए ।
(B) सहयोगी कामकाजी रवैया विकसित हो जाए ।
(C) पुरस्कार प्राप्त करने की प्रेरणा विकसित होती है ।
(D) स्कूल के प्रति सम्मान बढ़ता है ।



Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M

**74.** The most appropriate method of teaching arithmetic at primary level is

(A) Demonstration method
(B) Play way method
(C) Synthetic method
(D) Equation method

प्राथमिक स्तर पर अंकगणित पढ़ाने की सबसे उपयुक्त विधि है

(A) प्रदर्शन विधि
(B) प्ले वे विधि (Play way)
(C) सिंथेटिक विधि
(D) समीकरण विधि

**75.** The most important challenge for a teacher in the class is

(A) making of teaching and learning process difficult
(B) maintain discipline in the class
(C) complete syllabus in time
(D) None of these

एक शिक्षक के लिए कक्षा में सबसे महत्वपूर्ण चुनौती होती है

(A) शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को कठिन बनाना ।
(B) कक्षा में अनुशासन बनाए रखना ।
(C) समय में पाठ्यक्रम पूरा करना ।
(D) इनमें से कोई नहीं

**76.** Students asking questions in the class room should be

(A) advised meeting teacher after class
(B) discouraged
(C) encouraged
(D) punished

कक्षा कक्ष में प्रश्न पूछने वाले विद्यार्थी को

(A) कक्षा के बाद शिक्षक से मिलने की सलाह दी जानी चाहिए ।
(B) हतोत्साहित किया जाना चाहिए ।
(C) प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ।
(D) दंडित किया जाना चाहिए ।

**77.** _______ needs the ability to touch with one's emotional state.

(A) Intrapersonal Intelligence
(B) Interpersonal Intelligence
(C) Linguistic Intelligence
(D) Logical Intelligence

_________ को किसी की भावनात्मक स्थिति को छूने की क्षमता की आवश्यकता होती है ।

(A) पारस्परिक बुद्धिमत्ता
(B) अंतर्वैयक्तिक बुद्धिमत्ता
(C) भाषाई बुद्धिमत्ता
(D) तार्किक बुद्धिमत्ता

**78.** People who communicate and interact with one another is _________.

(A) Structured Relations
(B) Interpersonal Relations
(C) Intrapersonal Relations
(D) Mutual Influence

जो लोग एक दूसरे के साथ संवाद और बातचीत करते हैं, यह ___________ हैं ।

(A) संरचित संबंध
(B) अंतर्वैयक्तिक संबंध
(C) पारस्परिक संबंध
(D) पारस्परिक प्रभाव

**79.** 'When you do a piece of work, you get a praise from teacher.' This gives a sense of recognition which fulfils _______ needs.

(A) Safety and Security
(B) Physiological & Biological
(C) Love and belongingness
(D) Esteem and Growth

'जब आप कोई काम करते हैं, तो आपको शिक्षक से प्रशंसा मिलती है ।' यह पहचान की भावना देता है जो _________ की जरूरतों को पूरा करता है ।

(A) बचाव और सुरक्षा
(B) शारीरिक और जैविक
(C) प्यार और अपनेपन
(D) सम्मान और विकास



| Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M |
|---|---|---|

80. A group is not when _________.
(A) people are not sharing their common goal
(B) interact with each other to accomplish their objective
(C) are aware of one another
(D) perceives themselves to be a part of group

एक समूह तब नहीं होता जब _________
(A) लोग अपने सामान्य लक्ष्य को साझा नहीं कर रहे हैं ।
(B) अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक दूसरे के साथ बातचीत करें ।
(C) एक दूसरे के बारे में जानते हैं ।
(D) खुद को समूह का हिस्सा मानते हैं ।

81. Delegation of work by an individual is ________.
(A) Authority (B) Induction
(C) Recognition (D) Responsibilities

किसी व्यक्ति द्वारा कार्य का प्रत्यायोजन ____ है ।
(A) अधिकार (B) प्रेरण
(C) मान्यता (D) जिम्मेदारियाँ

82. ______ conveys thoughts, feelings or ideas to others.
(A) Receiver (B) Encoder
(C) Sender (D) Decoder

__________ विचारों, भावनाओं या धारणाओं को दूसरों तक पहुँचाता है ।
(A) प्राप्तकर्ता (B) एनकोडर
(C) प्रेषक (D) डिकोडर

83. _______ exhibits self-confidence, self-motivation, demonstrate sense of pride in work assignments, receptive to new ideas, processes and people.
(A) Attitude
(B) Ethics
(C) Professional image
(D) Responsibilities

________ आत्मविश्वास, आत्म-प्रेरणा प्रदर्शित करता है, कार्य असाइनमेंट में गर्व की भावना , नए विचारों, प्रक्रियाओं और लोगों के प्रति ग्रहणशीलता प्रदर्शित करता है ।
(A) मनोवृत्ति (B) नैतिकता
(C) पेशेवर छवि (D) जिम्मेदारियाँ

84. ________ deal with the central problem of teaching learning act.
(A) Teaching-learning material
(B) Teaching-learning strategies and tactics
(C) Use of appropriate audio-visual aids
(D) Use of hardware and mass media

_________ शिक्षण अधिगम क्रिया की केंद्रीय समस्या से निपटते हैं ।
(A) शिक्षण अधिगम सामग्री
(B) शिक्षण – अधिगम की रणनीतियाँ और युक्तियाँ
(C) उपयुक्त श्रव्य-दृश्य साधनों का उपयोग
(D) हार्डवेयर और जनसंचार माध्यमों का प्रयोग

85. __________ is not a component of teaching as a scientific process.
(A) Content (B) Communication
(C) Feedback (D) Examination

________ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया के रूप में शिक्षण का एक घटक नहीं है।
(A) विषय (B) संचार
(C) प्रतिक्रिया (D) परीक्षा

86. Good teaching is a result of
(A) Teacher training
(B) Experience
(C) Command over subject and good communication
(D) Friendly behaviour with students

अच्छा शिक्षण किसका परिणाम है ?
(A) शिक्षक प्रशिक्षण
(B) अनुभव
(C) विषय और अच्छे संचार पर नियंत्रण
(D) छात्रों के साथ दोस्ताना व्यवहार

87. In the class-room, the teacher's role is
(A) Guide and philosopher
(B) Leader of the group
(C) Motivator
(D) Only as friend

कक्षा-कक्ष में, शिक्षक की भूमिका होती है
(A) गाइड और दार्शनिक
(B) समूह के नेता
(C) प्रेरक
(D) केवल दोस्त के रूप में



Yellow = 3M | Green = 2M | Blue = 1M

**88.** As a teacher, how will you try to get rid of the social evils ?

(A) By awakening public consciousness
(B) By pledging for social reforms
(C) By publicity through posters
(D) Thinking that these social evils can never be removed, so let them be.

एक शिक्षक के रूप में आप सामाजिक बुराइयों से कैसे छुटकारा पाने का प्रयास करेंगे ?

(A) जनचेतना जगाकर
(B) सामाजिक सुधारों के लिए प्रतिज्ञा करके
(C) पोस्टर के माध्यम से प्रचार द्वारा
(D) यह सोचना कि इन सामाजिक बुराइयों को कभी दूर नहीं किया जा सकता है, तो उन्हें रहने दो ।

**89.** The main objective of teaching is

(A) To use teaching aids to simplify teaching
(B) To complete the syllabus
(C) To facilitate learning
(D) None of these

शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है

(A) शिक्षण को सरल बनाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करना ।
(B) पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए
(C) सीखने की सुविधा प्रदान करने के लिए
(D) इनमें से कोई नहीं

**90.** Teacher will work in best interests of ___________ by respecting the diversity of the heritage, language, identity and culture.

(A) Parents (B) Society
(C) Peers (D) Learners

शिक्षक विरासत, भाषा, पहचान और संस्कृति की विविधता का सम्मान करते हुए _____ के सर्वोत्तम हित में काम करेगा ।

(A) माता–पिता (B) समाज
(C) साथियों (D) शिक्षार्थियों

**91.** Teacher uses _______ that gives learner opportunities to show what they have learnt, and what they can do with that knowledge.

(A) Feedback
(B) Assessment
(C) Learner's contribution
(D) Records

शिक्षक _______ का उपयोग करता है जो शिक्षार्थियों को यह दिखाने का अवसर देता है कि उन्होंने क्या सीखा है और वे उस ज्ञान के साथ क्या कर सकते हैं ।

(A) प्रतिक्रिया
(B) आकलन
(C) शिक्षार्थी का योगदान
(D) अभिलेख

**92.** What is the most important for learning ?

(A) Common sense
(B) Knowledge
